## सार-समाचार

### पंकज पूनियां ने सिल्वर मेडल जीता, राजगढ़ लौटने पर स्वागत किया

**सादुलपुर**, (निसं)। 20 जून 2025 से 22 जून 2025 तक नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित यू-15 नेशनल चैम्पियनशीप कुश्ती प्रतियोगिता में राजगढ तहसील के गांव सुरतपुरा की बेटी पंकज पूनियां पुत्री यशवीर पूनियां ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर पुरे जिले का मान बढाया है। उनकी इस उपब्धि पर प्रेरणा पब्लिक स्कूल राजगढ में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष रतीराम पूनियां, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल जाखड व समारोह अध्यक्ष पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि हेमराज पूनियां थे। जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष रतीराम पूनियां ने बेटी पंकज की यू-15 में प्राप्त इस उपलब्धि पर प्रकाश डाला एवं बेटी के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस मौके पर संस्था प्रधान सुनील लाम्बा, सत्यवीर पूनियां गवालीसर, सुनील शर्मा ताम्बा खेडी, वॉलीबॉल संघ चूरू जिला अध्यक्ष रमेश पूनियां, समाजसेवी नरेन्द्र सांगवान, रणसिंह मधाऊ, कुश्ती कोच देवेन्द्र लाम्बा, यशवीर पूनियां, ओमवीर नम्बरदार लसेडी, रामकुमार लूटाणा, रामकुमार पूनियां एचडीएफसी बैंक मैंनेजर, चरण सिंह पूनियां सुरतपुरा, कृष्ण पूनियां सुरतपुरा, विजय पाल सदाऊ आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह का संचालन विजय लाखलाण हरदीप स्पोर्ट्स एकेडमी राजगढ़ ने किया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा की शुरुआत

**सीकर** (निसं)। सीकर जिले के दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल के तहत राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा आयोजित किया जा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर की शुरुआत ग्राम पंचायत पचार से की गई। शिविर में विभिन्न विभागों के लम्बित कार्यो का मौके पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। पचार पटवारी पवन कुमार ने बताया कि शिविर में सीमाज्ञान के 14 में से 13 प्रकरणों का निस्तारण, पत्थरगढ़ी व रास्तों के कुल 4 प्रकरणों में 2 प्रकरणों को निस्तारण, आपसी सहमती बंटवारें के कुल 10 प्रकरणों में 4 प्रकरणों को मौके पर निस्तारित किया गया। अटल ज्ञान केन्द्र की निर्माण स्वीकृति भी जारी की गई। शिविर में जिला परिषद के सीओ राजपाल यादव, उपखण्ड अधिकारी दांतारामगढ मोनिका सामौर, तहसीलदार महिपाल राजावत, विकास अधिकारी विरेन्द्र भाटी, प्रधान प्रतिनिधि प्रभू सिंह गोगावास, गजानंद रणवां, निधि कंवर, रमजान अली, डॉ, योगिता बाजिया, सरपंच राहुल, कविता, रामचन्द्र, प्रभुदयाल, महेश, जयप्रकाश, शिवदयाल सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन बडी संख्या में उपस्थित रहे।

### यूडीएच मंत्री खर्रा आज सीकर आएंगे

**सीकर** (निसं)। नगरीय विकास व स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 25 जून 2025 को सीकर आएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार ने बताया कि नगरीय विकास व स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 25 जून 2025 बुधवार को भारणी से प्रातः 10 बजे प्रस्थान कर प्रात:11 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा सीकर में नगर परिषद सभागार में मास्टर प्लान 2041 की पुस्तिका का विमोचन एवं मास्टर प्लान के मानचित्रों की प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सीकर विधायक राजेन्द्र पारीक, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा होंगे जबकि अध्यक्षता जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा प्रातः 11.30 बजे गोविन्दम गोपीनाथ गोशाला नेहरू पार्क के पास डॉ.श्यामप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### अनियंत्रित होकर बाइक फिसली, तीन घायल

**रतनगढ़** (निसं)। नेशनल हाइवे 11 पर सालासर फांटा के पास बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को कांग्रेस युवा नेता रामवीरसिंह, देवकीनंदन, रामरतन, जितेन्द्र, रतनगढ जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रैफर कर दिया। घटना को लेकर पुलिस में किसी भी प्रकार का मामला दर्ज नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार रतनगढ तहसील के गांव देराजसर निवासी 25 वर्षीय बीरबल मेघवाल, बंडवा निवासी 18 वर्षीय सुरेन्द्रसिंह एवं 19 वर्षीय दिलीपसिंह एक ही बाइक पर सवार होकर सालासर फांटा से रतनगढ़ की तरफ आ रहे थे कि बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे बाइक पर सवार तीनों ही युवक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर तीनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हायर सेंटर रैफर कर दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

### शिविर का आयोजन

**तारानगर** (निसं)। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत चल रहे शिविरों के पहले दिन मंगलवार को धीरवास बड़ा एवं छोटा मे शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपखण्ड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने दोनों शिविरों का निरीक्षण किया। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि 24 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले शिवरों में राजस्व से संबंधित कार्य पथरगढी, सीमा ज्ञान प्रकरण, लंबित नामांतरण रास्तों के प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारा करना सरकारी भूमियों के भूमि आवंटन प्रस्ताव आदि ग्रामीण विकास विभाग की तरफ से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजना से जोड़ना, गरीबी मुक्त गांव योजना हेतु नए गांव के बीपीएल परिवारों का सर्वे करना, खाद्य सुरक्षा के लंबित प्रकरणों का निस्तारण आदि तथा इसके अलावा पंचायती राज विभाग, ऊर्जा विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि के कार्य मौके पर निस्तारण कर आमजन को रात प्रदान की गई। शिविर में तहसीलदार शुभम शर्मा विकास अधिकारी विनोद धायल सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गाड़ी का शीशा तोड़ने का आरोप, मामला दर्ज

**सादुलपुर**, (निसं)। कस्बा राजगढ़ के मोहल्ला रामबास के वार्ड 33 में सैन मंदिर के पीछे व अध्यापक विजय कुमार वर्मा के घर के सामने खडी गाडी के रात्रि को अज्ञात आरोपी द्वारा गाडी को चोरी की नियत से शीशा तोडकर नुकसान पहुंचाने के आरोप में अध्यापक विजय कुमार वर्मा ने पुलिस थाना राजगढ में रिपोर्ट देकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। अध्यापक विजय कुमार वर्मा पुत्र मदनलाल वर्मा निवासी सैन मंदिर के पीछे वार्ड 33 रामबास राजगढ ने पुलिस थाना राजगढ़ में दी रिपोर्ट में लिखा है कि उनकी गाड़ी घर के आगे खडी थी। आरोप है कि रात्रि को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी चोरी की नियत से गाडी का आगे का शीशा तोडकर नुकसान कर दिया है। तथा प्रातः 5 बजे गाडी को देखा तो गाडी का शीशा टूटा हुआ था। ज्ञात रहे कि अध्यापक विजय कुमार वर्मा के सोमवार अध्यापक परीक्षा होने के कारण वे दिन में रतनगढ गये हुए थे, रात के समय वापस आने पर इस संबन्ध में रिपोर्ट दी है।

### नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान मे 28 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन आज 25 जून बुधवार को माहेश्वरी भवन, रामचंद्र पार्क के पास होगा। शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि स्व नन्दलाल ओमप्रकाश झंवर के परिवार द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

### कॉलेज प्रशासन ने फीस जमा कराने की तिथि बढ़ाई

**पाटन** (निसं)। सत्र 2025-26 में तृतीय/पंचम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित छात्रों हेतु अस्थाई प्रवेश के लिए ई-मित्र पर फीस जमा कराने की तिथि 23 जून से 22 जुलाई 2025 तक निर्धारित की गई है। कक्षाएं 1 जुलाई 2025 से प्रारंभ होंगी। फीस जमा कराने से पूर्व जन आधार कार्ड वेरिफिकेशन अनिवार्य है। फीस रसीद व अंकतालिका की स्वयं सत्यापित प्रति के साथ एक शपथ-पत्र 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 तक संकाय शाखा में सुश्री रीतू शर्मा (सहा. आचार्य, अंग्रेजी) को जमा कराएं। 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। प्रवेश पूर्णतः अस्थाई रहेगा।

# अधिकारी अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन कर फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतरीन क्रियान्वयन करें : सुराणा

**चूरू** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला गोपालन समिति, जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति, जिला स्तरीय टास्क फोर्स सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि अधिकारी अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन कर फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतरीन क्रियान्वयन करें।

अधिकारी विभागीय कार्यों का नियमित एनालिसिस कर प्रत्येक गतिविधियों के लिये मशीनरी को मुस्तैद रखें। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा अंतर्गत जिले में आयोजित हो रहे शिविरों को लेकर कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपनी टीम को सेंसेटाइज करें तथा विभागीय कार्यों का समुचित ढंग से संपादन करें। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक रूप से फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। नियमित तौर पर योजनाओं की प्रगति देखें तथा सुनिश्चित करें कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप योजनाओं में आमजन को अधिकतम लाभ मिले।



जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला गोपालन समिति, जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति व जिला टास्क फोर्स की बैठक में आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि मानसून व बरसात के मौसम को देखते हुए सभी नगर निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भराव की समस्या के लिए समुचित समाधान व आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखे जाएं। आपदा प्रबंधन टीम को मुस्तैद रहें तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी सतर्कता व सजगता से दायित्वों का निर्वहन करें। मोटर, मड पंप, पंप सेटों, मिट्टी के कट्टे आदि संसाधन प्रबंधित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुरानी हवेलियों, जर्जर भवनों आदि में नोटिस देते हुए उनको खाली करवाएं। बिजली विभाग के अधिकारी खुले व ढीले तारों को ठीक करवाएं। किसी प्रकार की लापरवाही बरती जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से लें।

जनसुनवाई में प्रकरणों के जवाब देने में खानापूर्ति ना करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, सीएमओ से प्राप्त प्रकरणों, पीजी पोर्टल, मिशन हरियालो राजस्थान अभियान अंतर्गत नियमित पौधरोपण गतिविधियां आयोजित करने, पीएम आवास योजना, पीएम कुसुम योजना, स्वामित्व योजना सहित बिन्दुओं पर चर्चा कर विस्तृत निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल, एसीईओ दुर्गा ढाका सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**जिला गोपालन समिति की बैठक में दिए निर्देशः-** जिला कलेक्टर ने जिला गोपालन समिति की बैठक में गौशालाओं को अनुदान, ग्राम पंचायतों में गौशाला निर्माण प्रस्ताव की निविदा प्रक्रिया, गौशालाओं को सहायता, गौशालाओं के सर्वे, फिजिकल वेरीफिकेशन, निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में संधारित करवाने सहित बिन्दुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. मदनलाल गहनोलिया ने बैठक का संचालन करते हुए विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक में निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक तथा जिला स्तरीय टास्क फोर्स की मासिक बैठक में अधिकारियों को चर्चा करते हुए विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखें। अवैध खनन, ओवरलोडिंग व बगैर लाइसेंस संचालित होने वाले वाहनों की जांच करें। रेवेन्यू, पुलिस व खनन विभाग के अधिकारी समन्वित ढंग से कार्रवाई करें। राजस्व अर्जन को लेकर लक्ष्यों को प्राप्त करें तथा पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां आयोजित करें।

उन्होंने जिले में अवैध खनन/निर्गमन की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई करने, पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण हेतु आवश्यक कदम उठाने, पट्टाधारियों/क्वॉरी लाइसेंस धारकों की समस्याएं सुनकर विभागीय व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण करने, वन संरक्षण अधिनियमों, पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों व संबंधित नियमों को खनन गतिविधियों में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समुचित निर्देश दिए। एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल ने पुलिस विभाग की गतिविधियों की जानकारी देते हुए, रेवेन्यू, खनन व पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सहायक खनिज अभियंता नौरंगलाल मेघवाल ने बैठक का संचालन करते हुए समुचित जानकारी दी।

### जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया

**बीदासर** (निसं)। तहसील क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के सदस्यों ने दुग्ध अवशीतन केंद्र को यथावत रखने को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी अम्मीलाल यादव को दिया। ज्ञापन में लिखा है कि वर्ष 2007 से लगातार कस्बा बीदासर में चुरू जिला सहकारी दूग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के द्वारा दूग्ध अवशीतन केन्द्र संचालित किया जा रहा है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से संघ के प्रबंधसंचालक द्वारा बीदासर स्थित अवशीतन केन्द्र के संचालन में अनेक समस्याओं का बहाना बनाकर अवशीतन केन्द्र बीदासर को बंद कर रतनगढ़ स्थानान्तरित करने के संबंध में सूचना जारी की गई है। दुग्ध उत्पादों ने बताया कि बीदासर स्थित अवशीतन केन्द्र को रतनगढ़ स्थानान्तरित किये जाने से बीदासर, कातर, सुजानगढ़ तहसील क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा और उनका दुग्ध उत्पादन के व्यवसाय से मोहभंग हो जायेगा।

## सेवारत चिकित्सक संघ ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा

■ डॉ. रवि शर्मा की मौत की जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं**, (निसं)। अरिसदा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी के आ ान पर जिला अरिसदा द्वारा प्रशासनिक लापरवाही से हुई डॉ. रवि शर्मा की असामयिक मृत्यु की निष्पक्ष जांच और उचित कार्यवाही के लिए एडीएम को ज्ञापन सौंपा। अरिसदा अध्यक्ष डॉ. एसए जब्बार ने बताया कि गत 18 जून को उदयपुर स्थित आरएनटी मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक लापरवाही से चिकित्सक डॉ. रवि शर्मा के साथ घटित हृदयविदारक दुखांतिका और उनकी असामयिक मृत्यु ने राज्य के सम्पूर्ण चिकित्सा जगत को झकझोर कर रख दिया है।

साथ ही उसके पश्चात भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन की असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है कि उक्त मृत्यु को करंट लगने से होना बताने के बजाय कोई अन्य ही कारण दे कर मामले को रफा दफा करने का प्रयास स्थानीय प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिससे संपूर्ण राज्य का चिकित्सक वर्ग आहत और आंदोलित है।

इस क्रम में अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ इस दुखांतिका को सरकार के संज्ञान में लाते हुए मांग की है कि इस आपराधिक कुव्यवस्था के लिए उत्तरदायी सभी दोषियों को उदयपुर से हटाकर उनके खिलाफ आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए, मृतक चिकित्सक के परिजनों को उचित मुआवजा राशि तत्काल प्रभाव से प्रदान की जाए, जिससे उनके परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके, मृतक के आश्रित परिवारजन को सरकारी नौकरी दी जाए, जिला प्रशासन द्वारा एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जाए, यह समिति हॉस्टल में निवास कर रहे रेजिडेंट डॉक्टर्स से बात कर हॉस्टल में व्याप्त अव्यवस्थाओं का तत्काल समाधान कराए।

अरिसदा अध्यक्ष डॉ. एसए जब्बार ने बताया कि युवा चिकित्सक की प्रशासन की लापरवाही से असामायिक मृत्यु अत्यंत ही दुखदाई है। दोषियों को उदयपुर मेडिकल कॉलेज से हटाया नहीं गया। जो निरंतर जांच को प्रभावित कर सकते हैं। इस दौरान महासचिव डॉ. राजेंद्र ढाका, डॉ. संदीप नेमीवाल, डॉ. अरविंद जाखड़ मौजूद रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शुरू

**सीकर** (निसं)। सीकर के खंडेला उपखण्ड में मंगलवार से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शुरू हुआ। पहले दिन बासडी व सुजाना ग्राम पंचायतों में शिविर शुरू हुआ। शिविरों का नीम का थाना एडीएम भागीरथ साख ने जायजा लिया और आमजन को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी अर्चना बुगालिया ने बताया कि आगामी 9 जुलाई तक आयोजित होने वाले शिविरों का समय ग्राम पंचायत स्तर पर प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक रहेगा। शिविर में राजस्व विभाग के अतिरिक्त ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, ऊर्जा, जलदाय, जल संसाधन, कृषि एवं उद्यानिकी, वन, खाद्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व स्वायत्त शासन विभाग द्वारा उनसे संबंधित कार्य संपादित किए जाएंगे। इन कैम्पों में विकास अधिकारी हरिसिंह, नायब तहसीलदार एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविरों में ब्लाक स्तरीय अधिकारी एसडीएम होगी तथा तहसीलदार को इन शिविरों में कार्ययोजना संपादित करने का उत्तरदायित्व दिया गया है। शिविर के लिए सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारीयों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विभाग के संबंध में किये जाने वाले कार्यो की अग्रिम दल का गठन कर ,प्रांरभिक तैयारी की रूपरेखा तैयार करे एवं मुख्य शिविर के दिन आमजन को अधिकाधिक राजकीय योजनाओं का लाभ पहुंचायें।

**बेदखली आम सूचना**

मैं सीता राम उम्र 62 साल पुत्र श्री अर्जनराम जाति मेघवाल निवासी मिठी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू का हूँ, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि :- यह कि मेरा पुत्र धर्मपाल जो मेरे कहने में नहीं चलता है तथा आवारा प्रवृति का है। जो आवारा प्रवृति की महिलाओं के साथ रिलेशनशिप में रहता है। यह कि मेरा पुत्र धर्मपाल से अब मैं व मेरा परिवार कोई रिश्ता नही रखना चाहते है। यह कि मैं मेरे पुत्र धर्मपाल को अपनी समस्त प्रकार की सभी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। यह कि भविष्य में मेरी चल अचल सम्पति में मेरे पुत्र धर्मपाल का कोई हक व अधिकार नहीं होगा। यह कि मेरे पुत्र धर्मपाल द्वारा किसी व्यक्ति से कोई लेन देन किया जाता है तो उसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। **दिनांकः- 24.06.2025**

**शपथग्रहिता - सीताराम**

## शिविर में ग्रामीणों की अनेक समस्याओं का समाधान

**रतनगढ़** (निसं)। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल अभियान 2025 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुडेरा अगुणा में सरपंच अनीता सोडा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने स्वामित्व योजना अन्तर्गत प्रॉपर्टी पार्सल एवं 10 पट्टो का वितरण किया गया व जमाबंदी नाम संशोधन 10 आवेदन प्राप्त हुए जिनका मोके के पर ही निस्तारण किया गया। ग्रामीणों ने कटानी रास्ता हेतु उपखंड अधिकारी वर्मा को आवेदन प्रस्तुत किया जिस हेतु उपखंड अधिकारी ने रास्ता कटनी हेतु गिरदावर संजय जोशी एवं पटवारी अनीता को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित दिए। शिविर में विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास ने स्वच्छता अभियान अंतर्गत 10 पात्र शौचालय विहिन परिवारों की शौचालय निर्माण की स्वीकृति जारी की। शिविर में सीबीईओ संदीप व्यास ने ग्राम पंचायत में राउमावि हेतु खेल मैदान की स्वीकृति हेतु उपखण्ड अधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी दिलीप कुमार सोनी ने शिविर में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी उपस्थित ग्रामीण जनों को दी एवं सभी विभागों से कैंप प्रोग्रेस रिपोर्ट ली। शिविर में पंचायत समिति सदस्य बाबुलाल प्रजापत ने विधुत विभाग, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पीएचईडी विभाग से संबंधि समस्याओं को अधिकारियो को अवगत करवाया। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। शिविर में तहसीलदार सज्जन कुमार लाटा, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार स्वामी, कनिष्ठ सहायक राजूराम श्योराण, टेक्नीशियन चंपालाल सहित कृषि विभाग, बिजली, पानी, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## 'सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिलें'

**राजलदेसर** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत ग्राम पंचायत लाछड़सर में शिविर का आयोजन। शिविर प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह के सानिध्य में रखा गया जिसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी गण मौजूद रहे।

इस अवसर पर बीकानेर के अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह यादव ने शिविर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मनसा है कि अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को अधिक से अधिक लाभ कैसे मिले इसीलिए सरकार द्वारा शिविर आयोजित किया जा रहे हैं।

इन शिविरों के माध्यम से ग्राम वासियों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का फायदा लेना चाहिए । साथ ही उन्होंने वाटर स्टोरेज पर्यावरण के क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी तहसीलदार ने शिविर संबंधित जानकारी एवं ग्राम पंचायत के लोगों को अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही।

इस अवसर पर शिविर में राजस्व विभाग के 12 आवेदन एवं त्रुटि के प्राप्त हुए उनका निस्तारण किया गया ग्राम पंचायत की ओर से 13 पट्टो का वितरण किया गया साथ व्यक्तियों को शौचालय की स्वीकृति जारी की गई।10 सामाजिक सुरक्षा लाभार्थियों का सत्यापन किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच धापू देवी, अतिरिक्त विकास अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार, विश्व विभाग से डॉक्टर सारिका चौधरी, दिलीप भार्गव, ताराचंद, वरिष्ठ सहायक पीथाराम , ग्राम विकास अधिकारी, पशु चिकित्सक डॉक्टर सुभाष, हरिओम चौमाल सहित अनेकों कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ (चूरू)**

**नोटिस**

**न.मु. सन**

**सरकार बनाम राजेन्द्र**

1. महावीर पुत्र रतिराम जाति मेघवाल निवासी बैजूवा तहसील राजगढ़ (चूरू), 2. दिनेश पुत्र संजय जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 3. पुनम पुत्री संजय जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 4. बलवान पुत्र होशियार सिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 5. बिमला पुत्री होशियार सिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 6. मंजू पुत्री होशियार सिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 7. राजवीर पुत्र धर्मपाल जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 8. संजय पुत्र धर्मपाल जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 9. सोनू पुत्र संजय जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 10. कृष्णा पुत्री हिरराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 11. प्रेम पुत्री हिरराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 12. कविता उर्फ बबिता पुत्री हिरराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 13. मनिषा पुत्री हिरराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 14. रोशनी पुत्री हिरराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 15. संतोष पुत्री हिरराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 16. सुभाषचन्द्र पुत्र हिरराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 17. सुमित्रा पुत्री हिरराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 18. रेशमा देवी पत्नी चंदगीराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 19. संदीप कुमार पुत्र चन्दगीराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 20. कृष्ण पुत्र चन्दगीराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 21. कविता पुत्री चंदगीराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 22/1 शाना पत्नी जयसिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 22/2 पवन पुत्र जयसिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 22/3 पंकज पुत्र जयसिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 23. नन्दलाल पुत्र नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 24. बहादुर पुत्र नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 25/1 वेदो पत्नी महावीर जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 26. रूपचन्द पुत्र नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 27. चन्दो पुत्री नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 28. बोबदी पुत्री नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/1 विदा पुत्री रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/2 बाला पुत्री रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/3 सावित्री पुत्री रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/4 सुमित्रा पुत्री रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/5 श्रवण कुमार पुत्र रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 30. सन्तरों पुत्री नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 31. मीरा पत्नी दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 32 जयवीर पुत्र दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 33.तारामणी पुत्री दुलीचंद जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 34. भंवरी पुत्री दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 35. भागीरथ पुत्र दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 36. मंजू पुत्री दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 37. मुरारीलाल पुत्र दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 38. इंद्रराज पुत्र मामचंद जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 39. तेजाराम पुत्र मामचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 40. रामस्वरूप पुत्र मामचंद जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू) आपको जरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि तहसीलदार राजगढ ने आपकी खातेदारी कृषि भूमि रोही ग्राम बैजूवा खसरा नं. 45,47,48,66,579/67, 580/67,541/64 में से सदामत का रास्ता राजस्व रिकार्ड में अंकन कराने बाबत प्रकरण धारा 131,132 भू राजस्व अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया है जिसमें आप पक्षकार है। अतः इस प्रकरण में अपना पक्ष रखने हेतु आगामी तारीख पेशी दिनांक 08.07.2025 को असालतन या वकालतन उपस्थित आवे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर निर्णय पारित कर दिया जावेगा। नोटिस आज दिनांक 18.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मोहरी से जारी किया गया है।

(मीनू वर्मा) एसडीएम राजगढ़ (चूरू)

## मुरलाई बस्ती के लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे के मुरलाई बस्ती में लंबे समय से पंप हाउस में 50 एचपी का पंप लगाने की मांग वार्ड के लोगों के द्वारा की जा रही थी क्योंकि इस वार्ड के अंदर बारिश के समय में इतनी भयंकर समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त नजर आने लगता है।

बारिश के समय तो समस्या होती है लेकिन आए दिन भी यह समस्या बहुत बड़ी विकराल रूप लेती है । जिससे इस बस्ती में बसने वाले एवं इस मार्ग से जाने वाले हजारों की संख्या में वाहन चालक राहगीर विद्यालय पर पड़ने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है उनको मजबूरन इस गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। साथ ही गंदगी की वजह से मौसम में बीमारियां भी अधिक फैलने की संभावना रहती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए वार्ड के लोगों ने व वार्ड पार्षदों ने नगर पालिका को अनेको बार इस महत्वपूर्ण समस्या की ओर अवगत कराया।

लेकिन नगर पालिका के द्वारा किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई वही नगर पालिका की बैठक कुछ दिन पहले गंगा देवी की अध्यक्षता में रखी गई । जिसमें रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा भी मौजूद थे।

इस बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला ने 20 एचपी का पंप सेट मुरलाई बस्ती में पानी निकासी के लिए पंप सेट लगाने की मांग की जिस पर सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित हुआ। लेकिन नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी पर इतना दबाव था कि अनेकों प्रस्ताव उन्होंने प्रोसिडिंग रजिस्टर से गायब कर दिए वही 20 एचपी का पंप सेट कुछ भाजपा के तानाशाही नेताओं की वजह से पंप सेट लगाने नहीं दिया जा रहा है जिसको लेकर मंगलवार को नगरपालिका परिसर में 10.30 बजे भाजपा के वार्ड पार्षद जीवणाराम प्रजापत, पार्षद गणेशाराम, पार्षद प्रतिनिधि जीतु राम मेघवाल, पूर्व पार्षद लालाराम प्रजापत, भाजपा नेता दीनदयाल स्वामी आदि के नेतृत्व में वार्ड के दर्जनों लोगों ने नगर पालिका के आगे जमकर नारेबाजी की एवं नगर पालिका पर खुला भाजपा के नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया साथ ही अधिशासी अधिकारी से मिली भगत करके राजलदेसर कस्बे के अंदर जिस तरह से भ्रष्टाचार हुआ है वह एक बहुत बड़ा शर्मनाक है।

उन्होंने कहा कुछ एक भाजपा कार्यकर्ता अपनी तानाशाही के चलते पूरी भारतीय जनता पार्टी का बेडा पार कर दिया है जिसका खामियाजा आगामी नगर पालिका चुनाव में भुगतना पडेगा लेकिन ऊपर के राज नेताओं को सब कुछ मालूम होते हुए कानों के अंदर रुई डाल रखी है भाजपा पार्षद जीवणाराम प्रजापत ने बताया केंद्र एवं राज्य में भाजपा की सरकार है मैं यहां का पार्षद हूं लेकिन मेरे वार्ड के अंदर 5 वर्षपूरे होने जा रहे हैं लेकिन एक ईंट तक भी यहां पर मेरे वार्ड के अंदर नहीं लगा नगर पालिका में सब चोर है पूरा गांव का सत्यानाश कर रखा है इसी प्रकार कांग्रेस पार्षद गणेश ने खुलेआम से भाजपा नेताओं के नाम लेकर कहा सत्ता के दलाल सत्ता की दलाली करने में लगे हुए हैं उनको ना तो गांव की चिंता है ना ही किसी और की चिंता केवल इतनी है नगर पालिका से अपना आशियाना कैसा चलाएं।

## कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, राजगढ़ (चूरू)

क्रमाक :- सीबीईओ/राजगढ़/2025-26/1265 दिनांक 20.06.2025

**-::खुली निविदा सूचना::-**

इस कार्यालय हेतु निविदा प्रपत्र में अंकित सामग्री/सेवा के हेतु पंजीकृत/अधिकृत फर्मो से ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं अमानत राशि पृथक-पृथक संलग्न करनी होगी। निविदा से संबंधित अन्य शर्ते यथा निविदा फार्म आदि sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | नाम व्यवसाय | अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की प्रारंभ दिनांक | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करवाने की अंतिम दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन टैक्सी परमिट (एक वाहन) | 4.10 | 8200 प्रति वाहन | 500 | 21.06.2025 | 27.06.2025 | 27.06.2025 01.00 PM | 27.06.2025 2.00 PM |

निविदा शुल्क, राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में (CBEO, SMSA, RAJGARH) के नाम से जमा होगी।

अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी।

UBN No.-RSE2526SSOB00244

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा राजगढ़ ( चूरू )